प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 23.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में आज मेगा पीटीएम आयोजित की जा रही है। बंसत पंचमी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर हो रही इस मेगा पीटीएम में युवा संवाद और सरस्वती वंदन के आयोजन भी होंगे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों को एक हजार करोड़ रूपये से अधिक की सौगात देंगे। इसमें 700 करेड़ रूपये के सामाजिक सुरक्षा पेंशन हस्तान्तरण और विद्यार्थियों को 300 करोड़ रूपये से अधिक के उपहार वितरण शामिल है। इस दौरान तीन लाख 6 हजार छात्राओं को विभिन्न योजनाओं में लगभग 127 करोड़ रूपये का हस्तान्तरण किया जायेगा। इसके साथ ही 3 लाख 34 हजार छात्राओं को निशुल्क साईकिलें वितरित की जायेंगी। ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना के तहत साढे चार लाख विद्यार्थियों को 53 करोड़ रूपये की राशि भी हस्तान्तरित की जायेगी। इसके साथ ही 75 लाख विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना की जायेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवाओं से संवाद भी करेंगे। विद्यालयों में निपुण मेले लगाये जा रहे है। इन मेलो में शिक्षण मॉडल और नवाचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

0000

कोटा विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह आज कोटा के नयापुरा में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे इसमें शिरकत कर रहे है। राज्यपाल ने वर्ष 2023 में विभिन्न संकायों में पहला स्थान हासिल करने वाले 59 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक प्रदान किए। इसके अलावा 81 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद किया। उन्होंने व्यक्तित्व के विकास को ही समाज और राष्ट्र के निर्माण का मूल मंत्र बताया।

.....

0000

कृतज्ञ राष्ट्र आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस–2026 का आयोजन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से नमन किया है। प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रृद्धाजंलि अर्पित की जा रही है।

0000

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक –नाबार्ड के वेतन संशोधन को मंजूरी दे दी है। भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में भी संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इन उपायों से 46 हजार से अधिक कर्मचारियों, लगभग 23

हजार पेंशनभोगियों और इतने ही पारिवारिक पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। मंत्रालय ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन पहली अगस्त, 2022 से प्रभावी होगा। वहीं नाबार्ड और रिजर्व बैंक के कर्मचारियों के लिए ये संशोधन 1 नवंबर 2022 से प्रभावी होगा।

0000

बसंत पंचमी का पर्व आज प्रदेशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई धार्मिक और सामाजिक आयोजन हो रहे है। विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। इसके साथ ही इस दिन अबूझ मुहुर्त होने से विभिन्न मांगलिक कार्य भी सम्पन्न हो रहे है। विवाह समारोह आयोजित किये जा रहे है। करौली के कैमरी स्थित जगदीश धाम में बसंत पंचमी मेला आयोजित किया गया है। मेले में पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम शिरकत कर रहे है।

0000